

सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय छठ पूजा का पारण करते हुए महिलाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### लच्छीवाला फ्लाईओवर के नीचे मिला श्रमिक की शव

**संवाददाता** डोईवाला। लच्छीवाला फ्लाईओवर के नीचे एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान एक श्रमिक के रूप में हुई है। गुरुवार को स्थानीय नागरिकों ने डोईवाला कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि लच्छीवाला फ्लाईओवर के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के पास से आधार कार्ड की छाया प्रति एवं मोबाइल मिला। प्रथम दृष्टया लगता है कि देर रात्रि फ्लाईओवर से नीचे गिरने से व्यक्ति की मौत हुई है। आधार कार्ड के अनुसार व्यक्ति की पहचान बृजपाल उर्फ पप्पू पुत्र डूंगर सिंह, बिजनौर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

### अवैध पेयजल कनेक्शनों के विरुद्ध विभाग ने की कार्रवाई

**संवाददाता** डोईवाला। जल संस्थान ने डोईवाला के केशवपुरी तथा राजीव नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर पेयजल के 15 अवैध कनेक्शन काट दिए। साथ ही दस व्यक्तियों को नोटिस भी जारी किया है। डोईवाला नगर पालिका अंतर्गत वार्ड–11 केशवपुरी व वार्ड– 12 राजीव नगर में उत्तराखंड जल संस्थान की ओर से 373.93 लाख रुपये की लागत से जल जीवन मिशन के तहत 400 केएल ओवरहेड टैंक, पंप हाउस, ट्यूबवेल के साथ ही लगभग पांच किलोमीटर पेयजल लाइनें बिछाई गई हैं।

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय स्नातक कार्यक्रम 2022 में प्रवेश की सूचना

**संवाददाता** देहरादून। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा फुल टाइम, आवासीय (रेसीडेन्शियल) स्नातक कार्यक्रम 2022 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं । आवेदन की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट में उपलब्ध है और पूर्वकालीन प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 07 दिसंबर, 2021 है । स्नातक कार्यक्रम की कक्षाएं जुलाई 2022 से शुरू होंगी।

### एचडीएफसी लाइफ संचय फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान पेश

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने प्रोडक्ट्स के मामले में इनोवेटर की भूमिका निभाई है, और इस दिवाली के शुभ अवसर पर, एचडीएफसी लाइफ ने नए दौर का फीचर–पैक प्रोडक्ट, एचडीएफसी लाइफ संचय फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान प्रस्तुत किया है जो फिक्स्ड वित्तीय लक्ष्य–प्राप्ति की गारंटी देता है। एचडीएफसी लाइफ संचय फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान नॉन–लिंक्ड, नॉन–पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत बचत योजना है, जो एकमुश्त लाभ के रूप में गारंटीड रिटर्न प्रदान करती है।

# कोई भी फैसला बिना किसी आधार के नहीं करतेः सीएम

**शिलान्यास**

■ मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में कृष्णायन देशी गौ रक्षा शाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बृहस्पतिवार को जनपद हरिद्वार के गैंडीखाता क्षेत्र स्थित बसोचन्दपुर में श्री कृष्णायन देशी गोरक्षाशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में शामिल हुये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकासखण्ड बहादराबाद के विभिन्न ग्रामों के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम गैण्डीखाता में 2.39 करोड़, ग्राम कांगड़ी में 2 करोड़, ग्राम लहाड़पुर में 97 लाख, ग्राम लालढांग में 4.40 करोड़, ग्राम सज्जनपुर पीली में 1.75 करोड़, ग्राम श्यामपुर नौआबाद में 1.71 करोड़, ग्राम नौरंगाबाद में 2 करोड़, ग्राम अहमदपुर चिड़ियापुर में 1.33 करोड़, ग्राम रसूलपुर मिट्ठीबेरी में 3.29 करोड़, ग्राम गाजीवाली में 2.80 करोड़, ग्राम तपड़ोवाली (गुज्जर बस्ती) में 4.37 करोड़,



ग्राम जसपुर चमरिया में 2.22 करोड़, ग्राम समसपुर कटेबड़ में 96.02 लाख, ग्राम पीली पड़ाव में 2.84 करोड़ की पम्पिंग पेयजल योजनाओं के निर्माण निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णायन गौशाला को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कराया जाएगा तथा तटबन्ध भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णायन गौशाला के लिए जो जमीन देनी शेष है वह भी जल्द ही आवंटित कर दी जाएगी।

प्रदेशवासियों को गोपाष्टमी की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारी संस्कृति की पहचान है। उन्होंने गोपाष्टमी के अवसर पर गौमाता की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय से मिलने वाली हर चीज हमारे लिए उपयोगी है। गाय का दूध स्वास्थ्य व पाचन के लिए सर्वोत्तम है। मुख्यमंत्री ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ लोग, गाय जब तक दूध देती है, तब तक तो उसका भरण पोषण करते हैं, लेकिन जब वह दूध देना बन्द कर देती है, तब उसको निःसहाय छोड़ देते है, जिसके कारण वह इधर–उधर भटकते हुए प्लास्टिक कचरा आदि खा लेती है, जिससे उसके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और कभी–कभी इससे उसकी मृत्यु तक हो जाती है। राज्य सरकार प्रदेश के हर शहर में गौशालाएं बनाने का काम तेज गति से करेगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गौशाला का अवलोकन किया तथा गौमाताओं की पूजा–अर्चना की तथा आशीर्वाद लिया। उन्होंने गौशाला में गौमाताओं को गुड़ का प्रसाद भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने चार माह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में 400 से अधिक निर्णय लिये हैं। उन्होंने कहा कि वे कोई भी फैसला बिना किसी आधार के नहीं करते हैं।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पंतनगर सिडकुल क्षेत्र का नाम नारायण दत्त तिवारी के नाम से रखा है।

गोपाष्टमी महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल ने कहा कि कि वे पहली रोटी गाय के लिए निकालने की पराम्परा को आगे बढ़ायें। कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द ने ने इस अवसर पर 11 लाख रूपये श्रीकृष्णायन देशी गौरक्षा शाला को देने की घोषणा की।

इस मौके पर गंगादासजी महाराज ने भी कृष्णायन गौशाला को 11 हजार का चौक भेंट किया। स्वामी रामकृष्ण मिशन के डॉ. शिवकुमार ने कहा कि उनके द्वारा कनखल हरिद्वार में 200 बेड का चौरिटेबल हॉस्पिटल संचालित किया जा रहा है।

### प्रदेश में ईगास पर्व पर की सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

सरकार ने लोक पर्व इगास पर किया अवकाश घोषित, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर जानकारी दी । गुरुवार शाम उन्होंने ट्वीट किया, उत्तराखण्ड की समृद्ध लोकसंस्कृति कु प्रतीक लोकपर्व इगास पर अब छुट्टी रालि। हमारू उद्देश्य च कि हम सब्बि ये त्यौहार तै बड़ा धूमधाम सै मनौ, अर हमारि नई पीढी भी हमारा पारंपरिक त्यौहारों से जुणि रौ।

# संस्कृत विश्व में सभी भाषाओं की जननी

**लोकार्पण**

■सीएम ने उतराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को हरिद्वार के बहादराबाद स्थित उतराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत शिक्षा को बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों से उनका विशेष लगाव रहा है, उनका काफी



समय लखनऊ विश्वविद्यालय में बीता है, जब भी किसी विश्वविद्यालय का कोई कार्यक्रम होता है, तो वे अपने आप को जाने से रोक नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्व में सभी भाषाओं की जननी है। पूरी दुनिया में जब शिक्षा अथवा ज्ञान का उजाला नहीं हुआ था तब हमारे भारत में तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय विद्यमान थे। उस वक्त पूरी दुनिया को ज्ञान देने का कार्य अगर किसी ने किया तो वह भारत भूमि ने किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मजबूत नेतृत्व मिला है। प्रधानमंत्री ने 05 नवंबर को केदारनाथ में 400 करोड़ रुपए के कार्य का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। जल्द ही हम केदारनाथ मंदिर केबल कार द्वारा जा सकेंगे। सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहेब को भी रोपवे से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2025 के लिए राज्य का विजन रखा है, इस विजन को पूरा करने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। वर्ष 2025 में 25 साल का राज्य युवा राज्य होने के साथ ही देश का श्रेष्ठ, उत्कृष्ट एंव आदर्श राज्य होगा, इस दिशा में वचनबद्ध एंव दृढ़ संकल्पित हैं। सीएम ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय के स्टॉफ को सातवे वेतन आयोग के वेतनमान व एरियर भुगतान संबंधी दिक्कत को जल्द समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा में रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा।

### अर्घ्यदान कर पूजा की और अपना व्रत किया संपन्न

**संवाददाता** ऋषिकेश। गुरुवार को भोर में पूर्व दिशा की ओर आसमान पर जैसे ही लालिमा छाई व्रतियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। भगवान भाष्कर के स्वागत में सुहागिनों ने मंगलगीत गाना शुरू कर दिया तो वहीं युवाओं ने खूब आतिशबाजी की। बैंडबाजों के धुन और आतिशबाजी की चौकाचौंध के बीच सूर्य ने जैसे सुबह करीब 6:40 बजे दर्शन दिए व्रतियों ने उन्हें अर्घ्यदान कर पूजा की और अपना व्रत संपन्न किया।

लोक आस्था के महापर्व छठ पर उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के त्रिवेणी घाट शीशम झाड़ी और अन्य नदियों के तट पर महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सजधज कर सुहागिनें घर से तड़के करीब चार बजे छठ मैया के मंगल गीत गाते हुए समूहों में निकलीं। आगे–आगे पुरुष दउरी में फल–फूल, पकवान समेत पूजन सामग्री लेकर चल रहे थे। घाट पर महिलाओं ने दीप जलाकर वेदिका सजाई। इस दौरान छठ मइया के जयकारे से घाट गूंजते रहे।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।